JULY – 2025 (APR. – JUN). 2025)
Vol. SHQ-BSGUP -017

# BHARAT SCOUT & GUIDE
# UTTAR PRADESH

# "तेजल"

## त्रैमासिक पत्रिका




State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! प्रादेशिक अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
पूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! प्रादेशिक मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
JULY – 2025 (APR. – JUN). 2025)
Vol. SHQ-BSGUP -017

## संपादक मण्डल

❑ संरक्षक
डॉ० महेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ मुख्य सम्पादक
डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ सलाहकार
ललिता प्रदीप
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

डॉ० राजेश मिश्रा
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

आलोक कुमार अग्रवाल
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ सम्पादक
आनन्द सिंह रावत
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ डिज़ाइन एवं तकनीक
अदनान हाशमी
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
सूरज कुमार - आई०टी० सहायक

**"The most worth-while thing is to try to put happiness into the lives of others."**

***- Lord Robert Baden-Powell***



## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖प्रादेशिक कार्यक्रम - 3
❖जनपदीय कार्यक्रम - 7
❖बी०एस०जी० ज्ञान क्विज़ - 17
❖विज्ञापन - 18



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...



# डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)

**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**

**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**

**प्रिय साथियों,**

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की त्रैमासिक पत्रिका **“तेजल”** के **अप्रैल–जून** 2025 अंक के प्रकाशन पर आप सभी को हार्दिक बधाई!

यह अंक वर्ष 2025 की नई ऊर्जा, नवाचार और निरंतर प्रगति का परिचायक है। इस अवधि में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश ने माननीय अध्यक्ष **डॉ० महेंद्र सिंह** के नेतृत्व में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में आयोजित विभिन्न एडवेंचर कार्यक्रमों ने प्रदेश के स्काउट/गाइड एवं रोवर/रेन्जर को साहस, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता के नए आयाम प्रदान किए हैं।

इसी क्रम में, प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ स्थित नवीन एनेक्सी भवन का पूर्ण रूप से उपयोग प्रारम्भ हो चुका है, जो आधुनिक डिजिटल सुविधाओं से युक्त होकर प्रशिक्षण, बैठकों एवं प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बना रहा है।

हमें यह बताते हुए प्रसन्नता है कि विश्वविद्यालयों को स्काउट/गाइड जनपद के रूप में मान्यता प्रदान करने की पहल निरंतर प्रगति पर है। इससे उच्च शिक्षण संस्थानों में रोवर्स/रेन्जर्स की गतिविधियों को नया विस्तार मिल रहा है और युवाओं में राष्ट्र सेवा, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और सुदृढ़ हो रही है।

साथ ही, प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज में **NSDC** के सहयोग से विकसित किया जा रहा “Future Skills Lab” अब अपने प्रारंभिक चरण में सक्रिय हो चुका है। यह पहल स्काउट/गाइड युवाओं को आधुनिक कौशलों से सशक्त बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करेगी।

हालाँकि, अभी भी हमारा लक्ष्य अधूरा है। प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय—चाहे वह बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षण संस्थान अथवा CBSE से सम्बद्ध विद्यालय हों—को स्काउट/गाइड आन्दोलन से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। विशेष रूप से वे विद्यालय जो अभी तक इस आन्दोलन से नहीं जुड़े हैं, उन्हें इस मिशन का हिस्सा बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि विश्वविद्यालय जनपदों, जिला संस्थाओं एवं आप सभी समर्पित पदाधिकारियों के सहयोग से हम अपने इस लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त करेंगे। आप सभी के अथक प्रयासों एवं योगदान से संस्था निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

अंत में, मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूँ कि इसी उत्साह, समर्पण एवं सेवा भाव के साथ हम आगे भी कार्य करते रहें और स्काउट/गाइड आन्दोलन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ।

**आप सभी को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।**

**डॉ० प्रभात कुमार**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

# प्रादेशिक कार्यक्रम


## बेसिक कोर्स – 02 से 08 मई 2025

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केन्द्र, शीतलाखेत, अल्मोड़ा उत्तराखण्ड के तत्वाधान में दिनांक 02 से 08 मई 2025 में बेसिक कोर्स फॉर कब मास्टर , स्काउट मास्टर, रोवर लीडर, फ्लॉक लीडर, गाइड कैप्टन, रेंजर लीडर शिविर प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) हीरालाल यादव और प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सितारा त्यागी जी के नेतृत्व में कोर्स आयोजित किया गया| तथा लीडर ऑफ़ द कोर्स लखविंदर सिंह बरार (कब) हरियाणा, नजीर मुक्बिल, (स्काउट), महेश बाबू (रोवर), और निरुपमा बाजपपेई (बुलबुल), केशरी मिश्रा (गाइड), में बेबी खुशनुमा (रेंजर विंग) में रही और सहायक स्टाफ के रूप में प्रमोद कुमार, अजय कुमार, मालती देवी, शशि प्रभा रही|



## ऑनलाइन बैठक – 10 मई 2025

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान मे मा॰ प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ॰ प्रभात कुमार जी के द्वारा एक महत्वपूर्ण आंनलाइन बैठक का आयोजन किया गया । जिसमे भारत-पाकिस्तान के बड़ते तनाव को देखते हुए Activate emergency Preparedness protocols विषय पर चर्चा की गई। इस बैठक मे प्रादेशिक संस्था के समस्त पदाधिकारी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, जिला मुख्यायुक्त, जिला सचिव और जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) उपस्थित रहें।



## State Adventure Program

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केन्द्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा उत्तराखण्ड डॉ० प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय के नेतृत्व में एडवेंचर कार्यक्रम दिनांक 04 से 08 मई 2025 तक आयोजित किया गया| जिसमें विभिन्न जनपदों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |



## नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कोर्स – 22 से 26 मई 2025

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण / एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 22 से 26 मई 2025 में नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न जनपदों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया ।




Follow us on
facebook
Bharat Scout Guide UP
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
प्रादेशिक मुख्यालय : महानगर, लखनऊ

## जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/ गाइड) कार्यशाला– 03 से 04 जून 2025

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ॰ प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन में दिनांक 03 से 04 जून 2025 को गौर इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतम बुद्ध नगर में दो दिवसीय जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) कार्यशाला का आयोजन किया गया| जिसमे प्रादेशिक सचिव श्री आनन्द सिंह रावत, प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) श्री नौशाद अली सिद्दीकी, सुश्री रविंदर कौर सोखी एवं समस्त जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) उपस्थित रहे|




## जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/ गाइड) कार्यशाला– 05 से 06 जून 2025

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ॰ प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन में दिनांक 05 से 06 जून 2025 को गौर इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतम बुद्ध नगर में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) कार्यशाला का प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यशाला का शुभारम्भ किया | जिसमे प्रादेशिक सचिव श्री आनन्द सिंह रावत, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) श्री हीरालाल यादव, सुश्री सितारा त्यागी एवं समस्त जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) उपस्थित रहे|



## 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ एवं प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा, उत्तराखंड में दिनांक 05 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस एक अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ ली गई। प्रत्येक प्रतिभागी और समस्त अधिकारी/ कर्मचारी ने एक-एक पौधा रोपित कर माँ को समर्पित किया |



## विशेष एडवेंचर कैम्प जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/ गाइड) के लिए - 16 जून 2025

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा, उत्तराखंड में दिनांक 16 जून 2025 को विशेष एडवेंचर कैम्प जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) के लिए आयोजित किया गया | जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलो के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) प्रतिभाग किया



## जनपदीय कार्यक्रम

## मण्डल – लखनऊ

### जनपद – लखनऊ



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद लखनऊ के तत्वाधान में नेशनल पी० जी० कालेज लखनऊ में दिनांक 21 जून 2025 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, प्राचार्य प्रोफेसर देवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में रोवर रेंजर ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया,साथ ही जन समुदाय में भी योग के प्रति जागरूकता विकसित की, रेंजर प्रभारी डॉ० रीना श्रीवास्तव ने एवं महाविद्यालय के शिक्षकों ने भी प्रतिभाग किया|

### जनपद – हरदोई



भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश ,जिला संस्था हरदोई के तत्वाधान में दिनांक 25 जून 2025 को आपातकाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यायुक्त श्री बालमुकुंद प्रसाद के निर्देशन में स्काउट भवन हरदोई में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जिला आयुक्त (रिसोर्स) श्री अवधेश त्रिपाठी, जिला आयुक्त (स्काउट) डॉ० शिवाकांत कुशवाहा, जिला सचिव रमेश वर्मा, संयुक्त सचिव श्रीमती राजेश्वरी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) आकाश कश्यप, जिला ट्रेनिंग आयुक्त (स्काउट) प्रेम श्रीवास्तव , जिला संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री श्वेता त्रिवेदी और समस्त स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला सचिव रमेश वर्मा ने संविधान की संप्रभुता को बताते हुए संविधान में निहित राष्ट्रपति के आपातकालीन शक्तियों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में दीपेंद्र शुक्ला,गौरव अवस्थी, शुभम वर्मा , अंकुर,आयुषी कश्यप, वंशिका अस्थाना, रिया आदि रोवर, रेंजर्स, स्काउट और गाइड उपस्थित रहे।

### जनपद – उन्नाव

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में जनपद उन्नाव से प्रतिभाग करने वाले स्काउट प्रखर त्रिवेदी ने प्रथम बार जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर जनपद के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। यह उपलब्धि न केवल प्रखर त्रिवेदी की व्यक्तिगत मेहनत और समर्पण का प्रमाण है, बल्कि पूरे जनपद उन्नाव के लिए एक प्रेरणास्पद क्षण है। इस सम्मानजनक उपलब्धि से निश्चित ही स्काउट एवं गाइड के अन्य छात्र-छात्राओं के मध्य एक नवीन ऊर्जा, उत्साह एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार होगा। इस सफलता से छात्रों में भारत स्काउट और गाइड संस्था के प्रति विश्वास और रुझान और भी अधिक मजबूत होगा, जिससे उन्हें शारीरिक, बौद्धिक और सामाजिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में निरंतर प्रगति सुनिश्चित होगी।

### जनपद –लखीमपुर खीरी

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेशजनपद लखीमपुर खीरी के तत्वाधान में आदरणीय जिलाधिकारी महोदया एवं अध्यक्ष आदरणीय जिला मुख्यायुक्त महोदय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक लखीमपुर खीरी के दिशा निर्देश में स्काउट गाइड द्वारा आंजन धाम सरकार जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर लखीमपुर रेलवे स्टेशन लखीमपुर में सेवा कार्य किया गया। सेवा कार्य में जनता इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज लखीमपुर, डॉ० मधु बाजपेई, सरोज जायसवाल वीडीभार्गव, डॉ० के०सी० मिश्रा एवं राघवेंद्र त्रिवेदी का विशेष सहयोग प्रदान हुआ



# मण्डल – मुरादाबाद

## जनपद –मुरादाबाद



भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद मुरादाबाद के तत्वाधान में दिनांक 4 जून 2025, स्थान रोडवेज बस स्टेशन मुरादाबाद से चलाए जा रहे नि:शुल्क जल सेवा शिविर का समापन मुख्य विकास अधिकारी/ जिला मुख्यायुक्त मृणाली अविनाश जोशी एवं बृजेश कुमार सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मुरादाबाद मंडल द्वारा दिनांक 23 जून 2025 को किया गया| समापन समारोह में सम्मिलित होकर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार और साथ में सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ० मधुबाला त्यागी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही जिला सचिव सुरेंद्र वर्मा ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि 4 जून से चल रहे इस शिविर में 32 विद्यालयों के लगभग 175 स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया और समर्पण के भाव से यात्रियों को भीषण गर्मी में शीतल जल उपलब्ध करवाया जिला कोषाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, आयुक्त संजय सिंह, मधु सक्सेना ने छोटे बच्चों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। स्काउट गाइड को उनके सेवा भाव के लिए पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर यूथ विंग की कैप्टन बबीता मल्होत्रा विजय मल्होत्रा एवं पूर्व सचिव राजीव पाठक स्काउट मास्टर अमित कुमार काउंसलर, मोनिका सोलंकी काउंसलर, मनोज कुमार, काव्य भटनागर, मोनू यादव, एस एस इंटर कॉलेज के स्काउट मास्टर शैलेश यादव, सभी विद्यालयों के स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन ने प्रतिभाग किया।

## जनपद –बिजनौर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बिजनौर के तत्वाधान में दिनांक 23 जून 2025 को राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में जिला कार्यकारिणी की बैठक सहायक जिला आयुक्त कैप्टन बिशन लाल की अध्यक्षता एवं जिला सचिव कैलाश चंद्र के संचालन में बैठक को आयोजित हुई। बैठक में जनपद की स्काउट गाइड विभिन्न गतिविधियों को सुव्यवस्थित ढंग संचालित करने पर चर्चा हुई। आगामी नवंबर माह में जंबूरी आयोजित की जाएंगी जिसमें जनपद के स्काउट और गाइड के प्रतिभाग करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला आयुक्त (गाइड) डॉ० निर्मला शर्मा ने कहा कि स्काउट और गाइड विषम परिस्थितियों में भी सेवा कार्यों को करने का कार्य करता है। सीनियर लीडर ट्रेलर सत्यपाल सिंह मलिक ने जनपद की सभी यूनिटों में स्काउट एवं गाइड की सभी गतिविधियों को समय से पूर्ण करने का आह्वान किया। जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने जनपद के सभी दलों का सत्र 2025-26 का नवीनीकरण एवं प्रशिक्षण शुल्क की राशि निर्धारित खाते में समय से जमा किया जाएं। बैठक में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) चंद्रहास सिंह लीटर ट्रेनर सोरन सिंह परिहार जिला प्रशिक्षण आयुक्त(स्काउट) संजय सलिल चांदपुर तहसील प्रभारी टीकम सिंह चांदपुर तहसील प्रभारी शिव कुमार राजेंद्र कुमार एसपी गंगवार एवं राकेश चौहान आदि ने संबोधित किया।



## जनपद – रामपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद रामपुर के तत्वाधान में दिनांक 21 मई 2025 से 31 मई 2025 तक 11 दिवसीय शीतल जल सेवा शिविर का सफल आयोजन रोडवेज, रामपुर पर किया गया।शिविर का उद्घाटन श्री नितिन मदान (अपर जिलाधिकारी, रामपुर) द्वारा किया गया। शिविर के दौरान स्काउट एवं गाइड द्वारा भीषण गर्मी में यात्रियों, राहगीरों एवं आमजन को नि:शुल्क शीतल जल एवं ओआरएस घोल वितरित किया गया। इस सेवा शिविर की देखरेख और मार्गदर्शन बलराम सिंह, जिला मुख्यायुक्त, रामपुर द्वारा किया गया ।





## जनपद – संभल

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था संभल श्री आशुतोष तिवारी उप जिलाधिकारी (न्यायिक) संभल को डॉ० राजेन्द्र पैंसिया जिला अधिकारी सम्भल, श्री प्रदीप वर्मा अपर जिलाधिकारी एवं बृजेश कुमार सहायक प्रादेशिक सगंठन आयुक्त (स्काउट) मुरादाबाद मण्डल द्वारा दिनांक 07 मई 2025 को जिला मुख्यायुक्त का अधिकार पत्र दिया गया श्री आशुतोष तिवारी उप जिलाधिकारी (न्यायिक)/जिला मुख्यायुक्त सम्भल महोदय ने अश्वासन दिया की नई कार्यकारिणी जल्द ही गठित कर प्रादेशिक मुख्यालय के लक्ष्यों को प्राप्त किया जाएगा। इस मौके पर जिला सचिव डॉ० राजीव वार्ष्णेय, श्रीमती संगीता भार्गव जिला आयुक्त (गाइड), श्री अंशुल चौधरी जिला



कोषाध्यक्ष, मोहित कुमार जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), मीनू सिंह जिला संगठन आयुक्त (गाइड), प्रिंस ट्रेनिंग काउंसलर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मण्डल – गोरखपुर

## जनपद – गोरखपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गोरखपुर के तत्वाधान में दिनांक 05 जून 2025, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अयोध्या दास स्काउट कुटीर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें आयुर्वेदिक पौधा मॉल श्री, सहजन, पारिजात , कनईल आंवला ,नीम के पौधे रोपित किया गया| इस अवसर पर भारत स्काउट और गाइड के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्य आयुक्त श्री राम जन्म सिंह ने कहा की अयोध्या दास स्काउट कुटीर में लगाए गए आयुर्वेदिक वृक्ष समाज को छाया प्रदान कर स्वस्थ रखेंगे इस अवसर पर जिला आयुक्त (स्काउट) दिनेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि पौधों को लगाने के बाद उनका संरक्षण करना महत्वपूर्ण है नवनियुक्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मोहित चौधरी के कार्यभार ग्रहण करने पर रामजन्म सिंह दिनेश मणि त्रिपाठी, विनीता, श्रीनिवास शुक्ला, सुभाष शाही, रंजना राय, दीनदयाल गुरु जी, ज्ञानेंद्र ओझा, अजय सिंह जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), प्रतिमा शुक्ला जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), शशांक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट),खुशबू, ओम प्रकाश, इशरत, अजय, लाजो ,आदि ने बधाई दी।



## जनपद – महाराजगंज



भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद महराजगंज की कार्यकारिणी बैठक जिला मुख्यायुक्त आदरणीय जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला मुख्यायुक्त महोदय की अध्यक्षता में जिला विद्यालय निरीक्षक सभागार मे सम्पन्न हुई। जिसमें आदरणीय अपर जिलाधिकारी महोदय की गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यकारिणी की बैठक की शुरुआत स्काउट गाइड प्रार्थना से हुई। तत पश्चात जिला सचिव संजय मिश्रा जी ने बैठक संचालक करते हुये गत कार्यवाही की पुष्टि की, पंजीकरण नवीनीकरण पर विचार किया गया। अंत आदरणीय मुख्यायुक्त महोदय की अनुमति से प्रत्येक माह एक बैठक आयोजित करने की अनुमति प्रदान की गयी। अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्री हरिश्चंद्र श्रीवास्तव सर ने गुणवत्तापूर्ण कार्य पर सबका ध्यान आकर्षित किया। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गोरखपुर मण्डल गोरखपुर मोहित कुमार ने प्रादेशिक कार्य योजना से सबको अवगत कराया। इस अवसर पर जिला कमिश्नर स्काउट विजय प्रताप सिंह, जिला कमिश्नर रोवर व रेंजर जिला प्रशिक्षण आयुक्त दीनदयाल शर्मा, जिला संगठन आयुक्त शशांक गुप्ता, जिला कमिशनर बुलबुल नीलम, वरिष्ठ प्रशिक्षक केशव तिवारी, कॉउंसलर दुर्गेश उपाध्याय, देवानंद भारती, ऋतिक, श्याम जायसवाल, नितिन आदि उपस्थित रहे

## जनपद – कुशीनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कुशीनगर के तत्वाधान में दिनांक 26 जून 2025 को मुख्य विकास अधिकारी/जिला मुख्यायुक्त महोदया से सत्र 2024-25 के 10% अंशदान, नवीनीकरण शुल्क, वारंट शुल्क एवं कार्यकारिणी की बैठक के सम्बन्ध में वार्ता की, मुख्य विकास अधिकारी/ जिला मुख्यायुक्त महोदया ने आश्वाशन दिया है की जुलाई के प्रथम सप्ताह तक प्रदेश अंश भेज दिया जायेगा। एवं जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय से भी इस सन्दर्भ में वार्ता की एवं 2024-25 कार्य योजना भी भेट की।



## मण्डल – बस्ती

### जनपद — बस्ती



भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जिला संस्था बस्ती के सदस्यों ने अमहट घाट पर आयोजित प्रदेश स्तरीय फ्लड मॉक ड्रिल में सीमित संसाधनों के बावजूद शानदार आपदा प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन किया। दो लाठी और चादर से बनाए गए स्ट्रेचर, अथवा हाथों से घायलों को ले जाने की तकनीक ने सभी को प्रभावित किया। अपर जिलाधिकारी श्री प्रतिपाल सिंह चौहान ने स्काउट की तत्परता की सराहना करते हुए कहा आपदा के समय स्काउट का प्रशिक्षण जनहित में अत्यंत उपयोगी है। यह मॉक ड्रिल भविष्य की आपदाओं से निपटने में स्काउट गाइडों की उपयोगिता और क्षमता को दर्शाता है, तथा जनपद स्तर पर उनके प्रशिक्षित होने की महत्ता को भी रेखांकित करता है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बस्ती सदर, आपदा विशेषज्ञ रंजीत रंजन, मराठा लाइट इन्फेंट्री अयोध्या, सिविल डिफेंस, पशुपालन, चिकित्सा विभाग सहित अनेक इकाइयों की सहभागिता रही। जिला आयुक्त (स्काउट) हरिराम बंसल, संदीप कुमार सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) डॉ० कुलदीप सिंह जिला सचिव, भूपेश कुमार सिंह जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), प्रताप शंकर पांडेय जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट विजय कश्यप, आदर्श मिश्रा, अनूप चौधरी, अनंत श्रीवास्तव, मंगलेश अग्रहरि आदि की सहभागिता रही।

### जनपद — सिद्धार्थनगर



भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जनपद सिद्धार्थ नगर के तत्वाधान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनीया राज के स्काउट एवं गाइड द्वारा चकचयी चौराहा पर जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) बस्ती मंडल बस्ती श्री संदीप कुमार जी ने, आम रस एवं शीतल जल वितरण कर, सेवा शिविर का शुभारंभ किया। जिसमें सहयोग कर रहे प्रभारी जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमित कुमार शुक्ल, ब्लाक स्काउट मास्टर डुमरियागंज कुलदीप कुमार जी, प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ उस्मानी जी एवं स्काउट गाइड के द्वारा सेवा शिविर आयोजित किया गया।



## जनपद – संतकबीर नगर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद संत कबीर नगर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बस्ती मंडल की प्रभारी मंत्री, मंडलायुक्त, विधायक धनघटा, विधायक मेहदावल, जिलाधिकारी संत कबीर नगर, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं भारत स्काउट और गाइड के जिला मुख्य आयुक्त सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

# मण्डल – बरेली

## जनपद – बदायूं

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जनपद बदायूं के तत्वाधान में की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारीयों की नियुक्ति के साथ आय व्यय प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षण शिविर और समाज सेवा की गतिविधियों पर विचार-विमर्श हुआ। जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि स्काउट संस्था बच्चों को प्रशिक्षण देकर देश के श्रेष्ठ नागरिक के रूप में तैयार कर रही है। पूर्व जिला मुख्यायुक्त डॉ० वीपी. सिंह सोलंकी ने कहा कि युवा शक्ति स्काउटिंग से जुड़कर समाज और देश की नि:स्वार्थ सेवा करे। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) नेहा कटियार ने बताया कि प्रदेश संस्था बच्चों और युवाओं के लिए प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत अल्मोड़ा में कब-बुलबुल, स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर के लिए नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कैंप और एडवेंचर कैम्प का आयोजन कर रही है। कोषाध्यक्ष एडवोकेट विनोद कुमार सक्सेना बिन्नी ने आय-व्यय बजट प्रस्तुत किया। जिला सचिव आलोक कुमार पाठक ने बैठक की आख्या प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मोहम्मद असरार ने किया। इस मौके पर जिला जिला मुख्यालय आयुक्त कृपाल सिंह, एसडी शर्मा, डॉ० मनवीर सिंह, अजय पाल सिंह, महीपाल सिंह, अवधेश कुमार सिंह, नंदराम शाक्य, नत्थू लाल शर्मा. कुंवरसेन, रामदास यादव, सत्यपाल गुप्ता, पूर्वी सक्सेना, ज्योति रस्तोगी, संजीव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।





## जनपद –शाहजहांपुर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद शाहजहांपुर के तत्वाधान में दिनांक 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय अटसलिया विकासखंड भावल खेड़ा में स्काउट गाइड एवं कब बुलबुल के साथ परम श्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह जिलाधिकारी महोदय श्री राजेश द्विवेदी पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ० अपराजिता सिंह सिन सिनवार मुख्य विकास अधिकारी महोदय डॉ० विपिन कुमार मिश्रा नगर आयुक्त महोदय सिटी मजिस्ट्रेट महोदय जिला स्तरीय अन्य सम्मानित अधिकारी आदरणीय श्रीमती दिव्या गुप्ता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शाहजहांपुर सुश्री निकहत परवीन जिला स्काउट मास्टर जिला ट्रेनिंग कमिश्नर एवं सुश्री दर्पिंदर कौर जिला गाइड कैप्टन के साथ स्काउट गाइड कब बुलबुल के साथ हरिशंकरी बरगद, पीपल, पाकड, आम, अमरूद, जामुन, सैजन के 51 पौधे मां के नाम पौधे विद्यालय में रोपित किए गए स्काउट गाइड द्वारा पौधों की उपयोगिता पर स्लोगन एवं पौधों पर गीत भी प्रस्तुत किए गए सभी अतिथियों द्वारा स्काउट गाइड की भूरी भूरी सराहना की गई अतिथियों का स्वागत स्काउट गाइड बैंड के माध्यम से किया गया

# मण्डल – आजमगढ़

## जनपद – आजमगढ़

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद आजमगढ़ के तत्वाधान में दिनांक 14 जून 2025 को रेलवे स्टेशन आजमगढ़ के प्लेटफार्म नंबर एक पर नि:शुल्क प्याऊ शिविर का आयोजन जिला मुख्यायुक्त श्री अमरनाथ राय संप्रति प्राचार्य डायट आजमगढ़ तथा जिला अध्यक्ष जिला अधिकारी आजमगढ़ श्री रविंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में जिला संस्था के पदाधिकारी द्वारा जिसमें मुख्य रूप से जिला स्काउट मास्टर आजमगढ़ दिनेश सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अवधेश  यादव तथा जिला कोऑर्डिनेटर आईटी सेल अजय कुमार यादव एवं सुभाष चंद्र गोंड स्काउट मास्टर डीएवी इंटर कॉलेज आजमगढ़ तथा जे.पी. राजभर अजीत यादव, मोहम्मद साकिब, आदर्श और दिव्यांशु तथा गोलू भारती एवं अन्य स्काउट तथा अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन के सी एच आई संजय यादव द्वारा उनके साथ अन्य रेलवे स्टेशन के पदाधिकारी गण द्वारा इस नि:शुल्क प्याऊ शिविर का शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें यात्रियों ने शीतल जल और गुड का सेवन कर उपस्थित सभी पदाधिकारी को धन्यवाद दिया।




## जनपद – बलिया

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बलिया में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त शैलेश प्रकाश जी के नेतृत्व में बलिया जनपद से प्रतिभाग करने वाले स्काउट गाइड कैडेट्स की एक बैठक नगर के कुँवर सिंह इण्टर पर संपादित की गई। बैठक में शैलेश प्रकाश ने प्रतिभागी बच्चों से परिचय प्राप्त करते हुए साहसिक यात्रा को स्काउटिंग का रीढ़ बताते हुए कहा कि स्काउटिंग प्रकृति को जानने समझने और प्रकृति सेवा को समर्पित समाज में मानवता के साथ बेहतर जीवन जीने की दक्षता विकसित करती है जिससे एक बालक राष्ट्रीयता से ओतप्रोत समाज सेवा को समर्पित होता है। उन्होंने संगठन की मेरूदंड जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) और जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को इस कार्य में सहयोग प्रदान करते हुए दिनांक 16 से 19 तथा 22 से 26 जून 2025 तक प्रस्तावित




प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत में आयोजित एडवेंचर कैंप में प्रतिभाग कराने हेतु सहयोग मांगा। इस बैठक में जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) निर्भय नारायण सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सौरभ कुमार पाण्डेय तथा जिला संगठन आयुक्त (गाइड) सरिता कुमारी, काउंसलर नफील अख्तर आजाद , कुसुम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जनपद – मऊ



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद मऊ के तत्वाधान में बाढ़ आपदा प्रबंधन स्तरीय मॉक एक्सरसाइज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मऊ उ०प्र० राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के संयोजन से उप प्रभागीय न्यायाधीश मधुबन व तहसील तथा जिले के विभिन्न पदाधीकारी गण उपस्थिति दर्ज कि तथा भारत स्काउट गाइड जिला संस्था मऊ जिला ट्रेनिंग काउंसलर श्री शम्भुनाथ व श्री अंजनी कुमार (जिला ट्रेनिंग काउसंलर) टिम के साथ प्रतिभाग किया।



# मण्डल –अयोध्या

## जनपद – अयोध्या

भारत स्काउट गाइड उ०प्र० जनपद अयोध्या के तत्वाधान में 15 दिवसीय जल सेवा शिविर का उद्घाटन जिला मुख्यायुक्त/ मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमार राय , उप विद्यालय निरीक्षक अवनीश पाण्डेय एवं श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष आलोक कुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए शिविर संयोजक जिला सचिव अनूप मल्होत्रा ने बताया कि विगत 15 वर्षों से अनवरत चल रहे इस सेवा कार्य में समाज के विभिन्न संस्थाओं का निरंतर सहयोग प्राप्त होता रहा है। इस वर्ष यह शिविर 1 से 15 मई 2025 तक अयोध्या रेलवे स्टेशन पर विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड के सहयोग से संचालित किया जाएगा। श्री अग्रवाल सभा के सहयोग से संचालित प्रथम चरण में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज,यश विद्या मंदिर, कनौसा कान्वेंट इंटर कॉलेज एवं कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन के 32 स्काउट गाइड सेवा कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कब मास्टर विजय कुमार शुक्ला, निवेदिता उपाध्याय, अंजू सिंह को प्रमाण पत्र सौंपा। जल सेवा शिविर में श्री अग्रवाल सभा के सुशील कुमार अग्रवाल,अंशु अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, जिला संगठन आयुक्त मुकेश साहू, वन्दना पाण्डेय, हर्षित तिवारी, राजा दूबे, एहतिशाम अंसारी, गीतिका मिश्रा, किरन पांडेय, उषा पांडेय, निधि महिंद्रा, राकारानी सिंह, अंजू सिंह, निवेदिता उपाध्याय, हरकेश सिंह, ललित कुमार, विजय कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।



## जनपद – अम्बेडकर नगर

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद अम्बेडकर नगर के तत्वाधान में जिला मुख्यायुक्त डॉ० तारा वर्मा के दिशा-निर्देशन में अकबर पुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क जल प्याऊ शिविर के चौथे दिन जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सत्यवती देवी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) बलिराम राजभर, सहायक जिला सचिव चन्द्र पाल वर्मा, श्री शिव बाबा विश्वनाथ उ० मा० वि० अन्नावा के प्रधानाचार्य संजीव कुमार तिवारी, सहायक अध्यापक राम बिलास तथा पंकज शर्मा एवं सेवा कार्य में चंदन चौहान तथा अवनीश कुमार ने अपना सहयोग प्रदान किया ।



## जनपद – अमेठी

भारत स्काउट और गाइड उ० प्र०, अमेठी के तत्वाधान में जिला प्रशासन व आयुष विभाग अमेठी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज- अमेठी में किया गया। जिसमें स्काउट/गाइड और रोवर/रेंजर ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ० राजेश कुमार द्विवेदी जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला मुख्यायुक्त के साथ शशांक यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), गरिमा यादव जिला संगठन आयुक्त (गाइड), सचिन विश्वकर्मा जिला ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट), दिव्यांशु ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट) ने भी योगाभ्यास किया। जिसके अंतर्गत योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही कार्यक्रम संचालक ने सभी को बताया कि योग को हमें प्रतिदिन करना चाहिए, जिससे भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी रोगों से हम दूर रहें। कार्यक्रम में श्री रणवीर इंटर कॉलेज अमेठी, सेपियन स्कूल अमेठी, जनता इंटर कॉलेज मवई, इंटर कॉलेज कालिकन संग्रामपुर, आरआरपीजी अमेठी आदि के स्काउट/गाइड उपस्थित रहे।



# मण्डल – मेरठ

## जनपद – बुलंदशहर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बुलंदशहर के तत्वाधान में दिनांक 10 जून 2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बुलंदशहर में डी०एल०एड० का पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के प्रथम दिवस को शिविर का शुभारंभ डायट प्राचार्य/उपशिक्षा निदेशक श्री प्रवीन कुमार उपाध्याय सर द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया गया, प्राचार्य जी के द्वारा प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड शिविर के महत्व के बारे में बताया गया। स्काउट गाइड जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री पवन कुमार राठी व उनके सहयोगी श्री दुष्यंत कुमार शर्मा श्री सतीश कुमार द्वारा स्काउट और गाइड शिविर के नियम, प्रार्थना, झंडा गीत और प्रतिज्ञा स्काउट और गाइड नियम आदि के बारे में आवश्यक जानकारी दी गयी। इस शिविर में स्काउट गाइड प्रभारी श्री प्रदीप कुमार शर्मा, प्रवक्ता डॉ० रवि शंकर सिंह, प्रवक्ता श्री अरविंद कुमार तथा अन्य डायट प्रवक्ता उपस्थित रहे।

## जनपद – मेरठ



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मेरठ के तत्वाधान में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रादेशिक उपाध्यक्ष वह मुख्यायुक्त श्रीमती रेखा शर्मा, जिला सचिव मेरठ डॉ० गौरव पाठक, के द्वारा स्काउट भवन मेरठ में पौधारोपण का कार्य किया गया। साथ ही गंगा दशहरा व निर्जला एकादशी के अवसर पर नि:शुल्क शर्बत वितरण का कार्य स्काउट भवन मेरठ के मुख्य द्वार पर किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों व विद्यालय मेरठ कॉलेज मेरठ, आर०जी०पी०जी० कॉलेज मेरठ, ईस्माइल पी०जी०कॉलेज मेरठ, एस०डी० इंटर कॉलेज सदर के रेंजर व स्काउट ने तपती गर्मी में राहगीरों को शीतल जल वितरण किया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की रेंजर द्वारा पर्यावरण को बचाने में रोवर/ रेंजर की भूमिका पर पोस्टर बनाए गए। उपरोक्त कार्य में श्रीमती बृजेश जिला आयुक्त (गाइड)मेरठ ने भी अपनी गर्मियामैयी उपस्थिति से सबका उत्सवर्धन किया। समस्त कार्यों को पूर्ण करने में श्रीमती पूनम रानी, श्री संजय कुमार, श्री सुरेन्द्र, कु० सरगम कु० तिशा आदि का योगदान रहा।

## जनपद – गाजियाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था गाजियाबाद में दिनांक 10 मई 2025 को पुरस्कार समारोह का उद्घाटन एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 6 वौन्धरा में किया। स्काउट गाइड की सभी गतिविधियों में भाग लेने वालों को सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ स्काउटर गाइड पुरस्कार, जिला दीर्घकालिक सेवा पुरस्कार और बी०एस०सी० ज्ञान प्रतियोगिता में जिले में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शावक बुलबुल, स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर को पुरस्कार दिया गया। 2024-2025 मे गाजियाबाद ने स्काउटिंग गतिविधियों में क्या-क्या काम किया, इसकी भी सफलता की कहानी सबको बताई। पुरस्कार समारोह की शुरुआत स्काउट गाइड प्रार्थना से। पुरस्कार समारोह के हमारे आदरणीय अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गाज़ियाबाद श्री धर्मेंद्र सिंह, मनुज शर्मा फिल्म निर्माता, सामाजिक कार्यकर्ता और एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल के अध्यक्ष, वसुंधरा क्षेत्र पार्षद शिल्पी चौधरी, मेरठ मंडल सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मयंक शर्मा। पुरस्कार समारोह में जिला संगठन के सभी अधिकारी उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ने अपना योगदान दिया। हमारा विशेष धन्यवाद मैम सुनीला एथली प्रिंसिपल एमिटी इंटरनेशनल स्कूल।



## जनपद – हापुड़

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था हापुड़ में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हापुड़ में श्रीमती ब्रह्मा देवी बालिका विद्यालय हापुड़ से एसएससी इंटर कॉलेज हापुड़ तक रोग मुक्त जीवन जीने की डालो आदत और करो योग रहो निरोग पर जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई, जिसे माननीय मंत्री आदरणीय श्री कश्यप जी आदरणीय जिलाधिकारी हापुड़ श्रीमान अभिषेक पांडेय जी द्वारा हरी झंडी देकर रवाना किया गया| इस रैली में भारत स्काउट और गाइड जनपद संस्था हापुड़ के सौजन्य से एक विशाल पदयात्रा तिरंगा रैली रेलवे पार्क फ्रीगंज रोड हापुड़ से एसएससी इंटर कॉलेज हापुड़ तक निकाली गई| इस रैली को माननीय मंत्री जी, तथा जिलाधिकारी हापुड श्री अभिषेक पांडेय जी द्वारा हरी झंडी द्वारा रवाना किया गया| रैली में बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों के स्काउट गाइड तथा छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ करो योग रहो निरोग और वंदे मातरम के जय जयकारों से नगर को गुंजायमान कर दिया । इस अवसर पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक श्री शैलेंद्र कुमार जी, जिला मुख्यायुक्त श्रीमती पारुल त्यागी, जिला आयुक्त श्रीमती स्नेह प्रभा, जिला सचिव श्री कृष्ण द्विवेदी, हेडक्वार्टर आयुक्त (स्काउट ) डॉ० मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह, भारत भूषण वत्स, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) श्री प्रकाश शर्मा तथा नीता कौशिक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री अमित कुमार, श्री जुबेर तथा श्री प्रशांत और विभिन्न विद्यालयों के यूनिट लीडर्स शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# मण्डल – वाराणसी

## जनपद – चंदौली



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली में जिला सचिव श्री वीरेंद्र जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 22 जून से शीतलाखेत, उत्तराखंड में आयोजित होने वाले एडवेंचर कैंप एवं नेचर स्टडी कैंप में जनपद की लक्ष्य के अनुरूप सहभागिता सुनिश्चित करना था।बैठक में जिला सचिव ने बताया कि प्रदेश स्तर से निर्धारित लक्ष्य के अंतर्गत चंदौली जनपद को अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करनी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि “हमारी टीम लक्ष्य की पूर्ति हेतु हर संभव प्रयास करेगी, ताकि अधिकतम स्काउट-गाइड छात्र इन विशेष कैम्पों का लाभ प्राप्त कर सकें। एडवेंचर कैंप न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता है, बल्कि उनमें आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, साहस और प्राकृतिक जीवन से जुड़ाव की भावना भी विकसित करता है। बैठक में प्रतिभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक रणनीति और तैयारी पर भी चर्चा की गई।बैठक में श्री सैय्यद अली (जिला संगठन आयुक्त स्काउट), श्री जे०पी० रावत (जिला स्काउट मास्टर), जिला प्रशिक्षण आयुक्त – गाइड, काउंसलर, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद – वाराणसी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद वाराणसी में नव नियुक्त संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मंडल वाराणसी श्री दिनेश सिंह जी का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया, और लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग हेतु वार्ता हुई | और जनपद में पंजीकृत एवं सक्रिय विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए ताकि निष्क्रिय विद्यालयों की भी सक्रिय प्रतिभागिता हो सकें I इस दौरान श्रीमती रामेश्वरी जिला संगठन आयुक्त (गाइड), श्री जाकिर जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), श्री अमिताभ पाठक लीडर ट्रेनर(स्काउट) , श्री आशीष स्काउट मास्टर वाराणसी उपस्थित रहे I




## मण्डल – सहारनपुर

### जनपद – सहारनपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जनपद सहारनपुर स्थित अंबेडकर स्टेडियम में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों, विद्यालयों और संगठनों से भारी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहारनपुर के माननीय महापौर श्री अजय जी रहे। उनके साथ मंच पर जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित राजेश महाजन, नव जिला विद्यालय निरीक्षक, भारत स्काउट और गाइड के सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती उषा तोमर, कब आयुक्त श्री रवींद्र पंवार, एवं श्री अंबरीश शास्त्री जैसे गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद



सहारनपुर के स्काउट-गाइड सदस्यों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और पूरे अनुशासन व उत्साह के साथ योग किया। स्काउट और गाइड ने "करो योग, रहो निरोग" के मंत्र को आत्मसात करते हुए स्वयं भी संकल्प लिया और समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

## मण्डल – चित्रकूट

### जनपद – हमीरपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जनपद हमीरपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरौली कम्पोजिट, विकास क्षेत्र सुमेरपुर में आयोजित स्काउट गाइड कैंप का सफल समापन हुआ। कैंप का संचालन लीडर ट्रेनर-स्काउट श्री अकबर अली द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उपाध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, जिला संस्था हमीरपुर श्री आलोक सिंह रहे। कैंप का शुभारंभ प्रातः ध्वज शिष्टाचार से हुआ, जिसमें बच्चों ने प्रार्थना, झंडा गीत, गांठ बंधन, टेंट निर्माण, तंबू बनाना, पुल निर्माण, शैक्षिक प्रदर्शनी, तथा बिना बर्तन के भोजन निर्माण जैसी गतिविधियों में भाग लिया। साथ ही, मीनार निर्माण, स्किल ओ-रामा, एवं साहसिक क्रियाकलापों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में रानी बाथम, शिखा कुशवाहा, प्रदीप कुमार, मोहम्मद शारिक, कल्पना, संगीता सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहित किया और मार्गदर्शन प्रदान किया।



## मण्डल – आगरा

### जनपद – मथुरा

थुरा में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में कैंडल मार्च आयोजितजम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध और दिवंगत पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु जनपद मथुरा में होलीगेट तिराहे से गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला गया।शुभारंभ विधायक श्री कांत शर्मा ने किया।जिला मुख्यायुक्त डॉ. कमल कौशिक व जिला संगठन कमिश्नर अशोक सोलंकी ने आतंकवाद की निंदा की।मार्च में स्काउट-गाइड्स, पदाधिकारीगण एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



## स्काउट/ गाइड प्रश्नोत्तरी

# BSG ज्ञान विवज़

For : Cub / Bulbul
Scout / Guide
Rover / Ranger

### कब/बुलबुल :-

प्रश्न 01 - कब का आदर्श वाक्य क्या है ?
(A) मुस्कराते रहो (B) तैयार रहो (C) सेवा करो (D) कोशिश करो

प्रश्न 02 – किम का पूरा नाम क्या था ?
(A) किम किपलिंग (B) कैनेडी किम (C) किम्बल ओ हारा (D) बेडेन पावेल

प्रश्न 03 - 'द जंगल बुक किस लेखक की कहानियों का संग्रह है ?
(A) लार्ड बेडेन पावेल (B) रुडयार्ड किपलिंग
(C) मोगली (D) महात्मा गाँधी

प्रश्न 04 - 'द जंगल बुक का प्रकाशन कब हुआ ?
(A) 1907 (B) 1894 (C)1908 (D) 1857

प्रश्न 05 - कब/बुलबुल का सदस्यता बैज किस रंग का होता है ?
(A) हरा (B) लाल (C) नीला (D) पीला

प्रश्न 06 – बैज का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?
(A) पुरस्कार (B) पदक (C) योग्यता (D) पुस्तक

प्रश्न 07 – पैक किसको कहते है ?
(A) लोमड़ी का झुण्ड (B) भेड़ीयों का झुण्ड
(C) शेर का झुण्ड (D) मोगली का झुण्ड

प्रश्न 08 तबाकी अपना जीवन निर्वाह कैसे करता था ?
(A) भेडियों और शेरखां की जूठन खा कर (B) मोगली का जूठन खाकर
(C) शिकार करके (D) लोमड़ी से खाना साझा कर

प्रश्न 09 - स्काउटिंग है ?
(A) बालचर आन्दोलन (B) राजनैतिक आन्दोलन
(C) इंग्लैण्ड का आन्दोलन (D) भारतीय आन्दोलन

प्रश्न 10 – कब/बुलबुल में किस वय वर्ग के बच्चे होते है ?
(A) 03 – 05 वर्ष (B) 05 – 10 वर्ष
(C) 09 – 17 वर्ष (D) 04 – 10 वर्ष

### स्काउट/गाइड :-

प्रश्न 01 - लार्ड बेडेन पावेल का विवाह कब हुआ था ?
(A) 1912 (B) 1913 (C) 1982 (D) 1891

प्रश्न 02 – लार्ड बेडेन पावेल की स्काउटिंग को प्रारम्भ करने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?
(A) अफ्रीका के बोअर युद्ध में (B) चिली के युद्ध में
(C) क्रिस्टल पैलेस की रैली में (D) ब्राउन्सी द्वीप के प्रथम कैम्प में

प्रश्न 03 - 'स्काउटिंग फॉर ब्वायज' का प्रथम संस्करण कब प्रकाशित हुआ ?
(A) 1898 (B) 1908 (C) 1907 (D) 1909

प्रश्न 04 - ब्रिटेन के बाहर स्काउटिंग प्रारम्भ करने वाला देश था?
(A) अमेरिका (B) दक्षिणी अफ्रीका (C) चिली (D) भारत

प्रश्न 05 - WAGGGS की स्थापना कब हुई ?
(A) 1828 ई. (B) 1947 ई. (C) 1908 ई. (D) 1928 ई.

प्रश्न 06 – क्रिस्टल पैलेस लन्दन की पहली स्काउट रैली में कितनी लड़कियों ने प्रतिभागिता की थी ?
(A) 16 (B) 07 (C) 08 (D) 32

प्रश्न 07 – अमेरिका में स्काउट आन्दोलन शुरू करने का श्रेय किसे जाता है ?
(A) जे.डी. विलियम वायस (B) रुडयार्ड किपलिंग
(C) लार्ड बेडेन पावेल (D) क्रिस्टफर कोंलम्बस

प्रश्न 08 लार्ड बेडेन पावेल को उनके घर के लोग बचपन में किस नाम से बुलाते थे ?
(A) बी. पी. (B) बेडेन (C) स्टी (D) बीटल

प्रश्न 09 - लार्ड बेडेन पावेल के पालतू कुत्ते का नाम था ?
(A) स्टी (B) पेशन्स (C) बीटर (D) टाइगर

प्रश्न 10 – लार्ड बेडेन पावेल द्वारा लिखी पहली पुस्तक का नाम है ?
(A) स्काउटिंग फॉर ब्वायज (B) जंगल बुक
(C) रिकोनेसैन्स एण्ड स्काउटिंग (D) एड्स टू स्काउटिंग

### रोवर/रेंजर :-

प्रश्न 01 - रोवर/रेंजर का सामान्य आयु वर्ग है ?
(A) 17-25 वर्ष (B) 15-25 वर्ष (C) 18-25 वर्ष (D) 15-30 वर्ष

प्रश्न 02 – रोवर/रेंजर को सामान्य आयुवर्ग के पश्चात किसकी विशेष स्वीकृति से 03 वर्ष की समयावधि अतिरिक्त प्रदान की जा सकती है ?
(A) प्रादेशिक मुख्यायुक्त (B) प्रादेशिक सचिव
(C) प्रादेशिक अध्यक्ष (D) नेशनल काउंसिल

प्रश्न 03 - एक रोवर-क्रू/रेंजर टीम में कम से कम कितने सदस्य होने चाहिए ?
(A) 08 (B) 04 (C) 06 (D) 05

प्रश्न 04 - रेंजर लीडर के रूप में नियुक्त हेतु कितनी आयु होना चाहिए ?
(A) 18 वर्ष (B) 21 वर्ष (C) 20 वर्ष (D) 25 वर्ष

प्रश्न 05-रोवर स्काउट लीडर/रेंजर लीडर की नियुक्ति कौन करता है ?
(A) जिला मुख्यायुक्त (B) प्रादेशिक आयुक्त
(C) प्रादेशिक सचिव (D) प्रादेशिक मुख्यायुक्त

प्रश्न 06 – सहायक रोवर स्काउट लीडर/सहायक रेंजर लीडर का पद बैज कैसा होता है ?
(A) लाल रंग का लाल बॉर्डर वाला (B) हरे बॉर्डर वाला लाल रंग का (C) लाल बॉर्डर वाला हरे रंग का (D) हरे बॉर्डर वाला हरे रंग का

प्रश्न 07 – सीनियर रोवर मेट द्वारा कमीज की बायी जेब पर लगाने वाली पट्टीयों(Three Red Vertical strips) की माप होती है ?
(A) 6 cm x 1.5 cm (B) 6 cm x 2 cm
(C) 4 cm x 1.5 cm (D) 6 cm x 2 cm x 1.5 cm

प्रश्न 08 रोवरिंग/रेंजरिंग का प्रारम्भ किस वर्ष में हुआ?
(A) 1907 (B) 1911 (C) 1913 (D) 1918

प्रश्न 09 - रोवरिंग में पांच चट्टानों में पहली चट्टान "हार्सेज" किससे संबंधित है ?
(A) खेल (B) मनोरंजन (C) सट्टा लगाना (D) सुखाशक्ति

प्रश्न 10 – "रोवरिंग टू सक्सेस" पुस्तक प्रकाशित हुई ?
(A) 1909 (B) 1922 (C) 1912 (D) 1913

उक्त प्रश्नों के उत्तर पृष्ठ संख्या 18 पर देख सकते है।




**उत्तर माला : स्काउट/ गाइड प्रश्नोत्तरी**

कब/बुलबुल – 1-D, 2-C, 3-B, 4-B, 5-C, 6-B, 7-B, 8-A, 9-A, 10-B

स्काउट/गाइड – 1-A, 2-A, 3-B, 4-C, 5-D, 6-B, 7-A, 8-C, 9-C, 10-C

रोवर/रेन्जर – 1-B, 2-A, 3-C, 4-B, 5-D, 6-B, 7-A, 8-D, 9-C, 10-B




## OUR SOCIAL ACCOUNTS




**This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here....**

**Please Visit & Share Our Website**

**www.bsgup.org**



Like our FB Page
facebook.com/bsgup.org



Tweets @ BSGUP
twitter.com/bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup official



Share & Subscribe our Youtube Channel
BSGUP Official

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**
State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
Email : upscoutsguides@yahoo.com
For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,